फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी,बाड़मेर

प्रतापाराम वगै.
बनाम
मारीयत वगै.

किस्म मुकदमा 225 आर.टी एक्ट न. 03 सन् 2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12.01.2021	राजस्व अपील प्राधिकारी बाड़मेर अवकाश पर होने से पत्रावली बाद जांच प्रथम लिंक अधिकारी राजस्व अपील प्राधिकारी जोधपुर के समक्ष पेश हुई। अपीलांटगण के अधिवक्ता श्री बांकाराम चौधरी एवं रेस्पोडेंटस संख्या 01 व 02 की तरफ से अधिवक्ता श्री छगनलाल मंसूरिया उपस्थित। अपील राजस्थान काश्तकारी एक्ट 1955 के अन्तर्गत धारा 225 विरूद्ध निर्णय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा द्वारा राजस्व आवेदन संख्या 230/2021 बअनवान मारीयत बनाम प्रतापा वगै. में पारित आदेश दिनांक 03.01.2022 के विरूद्ध पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर हो। उभयपक्ष के अधिवक्ताओं की पत्रावली पर बहस सुनी गई। अधिवक्ता उभयपक्ष ने वक्त बहस उभयपक्षकारान की सहमति से परिशिष्ट "अ" पेश कर बिन्दु सी,ए,बी पर 20 फीट चौड़ाई का रास्ता कायम करने की सहमति जाहिर की। अपीलांटगण के अधिवक्ता ने बताया कि अपीलाधीन आदेश द्वारा पूर्व में तय प्रतिकर राशि पर उपरोक्त रास्ता देने हेतु वे सहमत है। अतः अपीलांटगण की अपील को लोकअदालत की भावना से स्वीकार किया जाता है तथा अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेडवा द्वारा राजस्व आवेदन संख्या 230/2021 बअनवान मारीयत बनाम प्रतापा वगै. में पारित आदेश दिनांक 03.01.2022 को अपास्त किया जाकर परिशिष्ट "अ" अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में 20 फीट चौड़ा रास्ता कायम करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार सेड़वा को आदेश दिये जाते है कि वह मौका फर्द दिनांक 17.12.2021 में प्रस्तावित गणना अनुमान तय क्षतिपूर्ति राशि जमा होने पर राजस्व रिकॉर्ड में उपरोक्तानुसार रास्ते का राजहक में नामांतरण भरकर अमल दरामद किया जावे। परिशिष्ट "अ" आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। राजस्व अपील अधिकारी बाड़मेर	परिशिष्ट "अ" से सहमत हूं। व. अपीलार्थी

नक्शा नकल ग्राम डीपला खसरा संख्या 505/169, 341/174, 585/174, 513/349, 283/184, 504/169 प०स० ग्राम आनपालिया तहसील सेड़वा

पैमाना एक इंच = 80 गट्ठा

परिशिष्ट "अ"

न्यायालय राजस्व अपील, प्राधिकारी बाड़मेर

अपील सं० 03/2022

प्रतापाराम वगैरह बनाम मारीयत वगैरह

निर्णय दि. 12/1/2022

12/1/22

राजस्व अपील अधिकारी बाड़मेर



बाड़ा

▭ - प्रस्तावित रास्ता

C to A ▭ B रास्ता सहमति से कायम किया गया

12/1/22

राजस्व अपील अधिकारी बाड़मेर

(वकील रेस्पो० नं० 1)

12/1/22
(व. अपीलार्थी)

12.1.2022